आर.एन.आई नं. : HP-HIN/1999/3010 पोस्टल रजि. नं. SOLAN/96

निष्पक्ष, निर्भीक व बुलंद साप्ताहिक

# हिमाचल वार्ता

E-paper : himachalvarta.com Email: himachalvarta@gmail.com

वर्ष : 19 अंक : 41 | 23 अगस्त से 29 अगस्त, 2018 | मूल्य : 2 रुपया | वार्षिक : 100 रुपए

संरक्षक
ईश्वरचंद गुप्ता एडवोकेट
संपादक
राजेश राही
फोन नं. 094180-96004
मोबाइल नं. 098570-14001
सलाहकार
एस.पी. जैरथ
मोबाइल नं. 094182-27701

### पांवटा के रामलीला मैदान में श्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के अस्थि कलश को किया यमुना नदी में विसर्जित

### वाजपेयी एक युग दृष्टा और महान व्यक्तित्व के धनी थे-जेपी नड्डा





**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**पांवटा।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के अस्थि कलश को गत दिवस पांवटा के रामलीला मैदान में लोगों के दर्शन एवं श्रद्धाजंलि देने के लिए रखा गया जहां पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री भारत सरकार जगत प्रकाश नडडा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. राजीव सहजल, सांसद लोकसभा श्री वीरेन्द्र कश्यप, विधायक पांवटा दून सुख राम चौधरी, विधायक पच्छाद सुरेश कश्यप, दून निर्वाचन क्षेत्र के विधायक परमिंद्र पम्मी, उतराखंड सहसपुर के विधायक सहदेव पुंडीर, पूर्व विधायक बलदेव तोमर और फतेह सिंह, खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पुरषोतम गुलेरिया, प्रदेश भाजपा महासचिव चंद्रमोहन ठाकुर, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष बलदेव भंडारी, जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, उपायुक्त सिरमौर ललित जैन, पुलिस अधीक्षक रोहित मालपानी, नगर परिषद पांवटा की अध्यक्षा कृष्णा धीमान उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, रेणुका के भाजपा प्रत्याशी बलबीर चौहान, पांवटा भाजपा मण्डलाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, शिलाई भाजपा मण्डलाध्यक्ष सूरत सिंह, नाहन भाजपा मण्डलाध्यक्ष दीनदयाल वर्मा, संगठन महामंत्री पवन राणा, जिप सदस्य दयाल प्यारी, प्रतिभा कौशिक, नीति अग्रवाल, राकेश गर्ग, पांवटा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अनिन्द्र सिंह नोटी विभिन्न संस्थाओं सहित सैंकड़ों लोगों द्वारा भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र व अस्थि कलश पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर दिंगत आत्मा की शांति के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

तत्पश्चात युग पुरुष श्री अटल बिहारी वाजपेयी के अस्थि कलश को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा यमुना नदी में वेद मंत्रों के साथ विसर्जित किया गया।

प्रार्थना सभा में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी को एक बहुमुखी व्यक्तित्व बताते हुए ने कहा कि राजनेता होने के अतिरिक्त, श्री वाजपेयी एक उत्कृष्ट वक्ता, एक भावुक कवि और एक प्रतिबद्ध पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी ने हमेशा हिमाचल प्रदेश एवं यहां के लोगों पर विशेष उदारता बनाई रखी।

उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी एक युग दृष्टा और महान व्यक्तित्व के धनी थे। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उन्होंने कहा कि विश्व को भारत की आवश्यकता है परन्तु भारतवर्ष को नहीं है। उन्होंने परमाणु परीक्षण करके भारत को विश्व की एक शक्ति बनाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने तीन साल के अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देश में साढ़े तीन लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण करके ग्रामीण परिवेश के लोगों को सड़क सुविधा प्रदान की। इसके अतिरिक्त देश में शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार व सुदृढ़िकरण के दृष्टिगत सर्व शिक्षा अभियान आरंभ किया गया था जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि लोग श्री अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों को सुनने के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से आते थे तथा उनके भाषण जोशिले व असाधारण होते थे। उन्होंने कहा कि जब भी श्री वाजपेयी सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करते थे, तब उनके विरोधी भी उनके भाषणों को बड़ी उत्सुकता से सुनते थे। उन्होंने लोगों से श्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ यादों और संस्मरणों को साझा करने का आग्रह किया तथा इनको सदाबहार रखा जा सके।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि श्री वाजपेयी ने सदैव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के लिए कार्य किया जिस कारण उन्होंने देश के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई और आज पूरा देश उनके निधन शोकाकुल है और पूरा देश उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहा है।

लोकसभा सांसद श्री वीरेन्द्र कश्यप ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत देश को एक नई दिशा दी जिससे भारत की विश्व में एक अलग पहचान बनी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री वाजपेयी की दूरदर्शी सोच का परिणाम था जिससे देश के ग्रामीण क्षेत्रों मे लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिल रही है।

पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को अपने जीवन में सभी को अपनाना चाहिए वही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

तदोपरांत केंन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा एवं अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पांवटा के ऐतिहासिक गुरुद्वारा में शीश नवाया और स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# शिमला-कालका रेल ट्रैक पर फुलवारी एवं नर्सरी स्थापित करने की रूपरेखा के लिए बैठक आयोजित

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गत दिवस राजभवन शिमला में रेलवे, वन तथा हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शिमला-कालका रेल ट्रैक पर फुलवारी एवं नर्सरी स्थापित करने की रूपरेखा तैयार करने को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रैक के हर 5 किलोमीटर पर ऐसी फुलवारी एवं नर्सरी स्थापित की जाएंगी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गत दिवस प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उनकी भेंट के दौरान स्वच्छता अभियान पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने विशेष तौर पर शिमला-कालका रेल ट्रैक के दोनों ओर फुलवारी एवं नर्सरी तैयार करने पर बल दिया ताकि पर्यटकों के लिए धरोहर रेल ट्रैक आकर्षण का केंद्र बन सके और फूल व पौधों की बिक्री से रेलवे की आय में वृद्धि भी होगी। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को सुझाव दिया कि 90 किलोमीटर के इस ट्रैक पर हर 5 किलोमीटर पर एक ऐसी नर्सरी तैयार की जानी चाहिए, जहां ऐसे किस्म के फूल व पौधे उपलब्ध हों, जिन्हें प्रदेश से बाहर भी बिक्री के लिए भेजा जा सके। इस दिशा में टेरीटोरियल आर्मी का भी सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने रेलवे से इस कार्य के लिए स्पॉट चिन्हित करने के लिए कहा। उन्होंने रेलवे द्वारा सोलन जिले के सलोगड़ा में स्थापित नर्सरी के रखरखाव और उनमें विभिन्न किस्मों के पौधे उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया।

उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह रेलवे को पौधे उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि वन विभाग राज्य भर में साल भर लगभग 60 से 70 लाख पौधों का रोपण करता है। पौधारोपण के साथ-साथ वे यह सुनिश्चित बनाएं कि उनकी जीवंतता बनी रहे। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों के उत्पात पर भी चिंता व्यक्त की तथा कहा कि वन क्षेत्रों में फलदार पौधे रोपित किए जाने चाहिए, जिससे बंदर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में न आएं।